Regarding stoppage of more trains at Gangapur City Station and to restart operation of discontinued trains in Sawai Madhopur Parliamentary Constituency-laid

श्री हरीश चंद्र मीना (टोंक-सवाई माधोपुर) : मेरे संसदीय क्षेत्र टोंक सवाई माधोपुर के अंतर्गत दो स्टेशन आते हैं गंगापुर सिटी एवं सवाई माधोपुर जहां से इस क्षेत्र के गरीब, मजदूर, व्यापारी, विद्यार्थी एवं मरीज ट्रेन के माध्यम से देश की राजधानी दिल्ली के लिए यात्रा करते है। अभी ट्रेनों के कमी के कारण व्यापारियों को व्यापार में हानि हो रही है, मरीजों और युवाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में विश्व प्रसिद्ध रणथंभौर राष्ट्रीय अभ्यारण टाइगर सेंचुरी है जिसके भ्रमण के लिए देश एवं विदेश से पर्यटक आते हैं उन्हें भी आवागमन में समसस्याओं का सामना करना पड़ रहा है जिसका सीधा असर यहां के रोजगार पर पड़ा है इसके साथ-साथ ही इस क्षेत्र में अन्य दार्शनिक स्थल जैसे त्रिनेत्र गणेश मंदिर भी हैं । अभी सुबह के समय 8:25 पर गोल्डन टेंपल के बाद शाम के 17:35 बजे सोगरिया एक्सप्रेस है। क्षेत्रवासियों के सुगम आवागमन की दृष्टि से गोवा संपर्क क्रांति एक्सप्रेस एवं गुजरात संपर्क क्रांति, केरल संपर्क क्रांति का ठहराव गंगापुर सिटी स्टेशन पर किया जाए एवं ट्रेनों के फेरों में भी बढ़ोत्तरी की जाए। कोरोना महामारी के दौरान बंद हुई ट्रेन जनता एक्सप्रेस (19023/19024)को भी अविलंब संचालन किया जाए, जिससे कि रेलवे को राजस्व भी प्राप्त होगा।